Series : HMJ/4

SET – 2

कोड नं.
Code No. **58/4/2**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **15** printed pages. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) | Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । | (III) | Please check that this question paper contains **34** questions. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** | (IV) | **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# अर्थशास्त्र (सैद्धान्तिक)

# ECONOMICS (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घंटे* — *अधिकतम अंक : 80*
*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 80*

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :**

*(i)* *प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं – क और ख । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न संख्या 1 से 10 और 18 से 27 अति-लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है । इनका उत्तर **एक** शब्द या **एक** वाक्य में दीजिए ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या 11 से 12 और 28 से 29 लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 3 अंकों का है । इनका उत्तर लगभग 60 से 80 शब्दों में दीजिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या 13 से 15 और 30 से 32 भी लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 4 अंकों का है । इनका उत्तर लगभग 80 से 100 शब्दों में दीजिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या 16 से 17 और 33 से 34 दीर्घउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 6 अंकों का है । इनका उत्तर लगभग 100 से 150 शब्दों में दीजिए ।*

*(vi)* *उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होना चाहिए और साथ ही उपरोक्त शब्द सीमा का यथासंभव पालन कीजिए ।*

*(vii)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । तथापि, एक-एक अंक वाले दो प्रश्नों में, तीन-तीन अंकों वाले दो प्रश्नों में, चार-चार अंकों वाले दो प्रश्नों में और छः-छः अंकों वाले दो प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में **केवल एक ही विकल्प का उत्तर** लिखिए ।*

*(viii)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक अनुभाग और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खण्ड – क

## (समष्टि अर्थशास्त्र)

1. उल्लेख करें कि, दिया गया कथन सत्य अथवा असत्य है :
‘अप्रत्याशित अप्रचलन मूल्यह्रास का एक घटक है ।’ **1**

2. मुद्रा पूर्ति के दो घटक _______ तथा _______ हैं ।
(सही उत्तर द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।) **1**

**अथवा**

मौद्रिक नीति का मुख्य उद्देश्य _______ है ।

(सही विकल्प का चयन करें ।)

(क) अर्थव्यवस्था में कीमत स्थिरता लाना । (ख) देश में रोजगार सृजन करना ।

(ग) व्यापार अधिशेष में वृद्धि करना । (घ) अधिक कर राजस्व अर्जित करना । **1**

***General Instructions :***

***Read the following instructions very carefully and strictly follow them :***

*(i)* *Question paper comprises two Sections – **A** and **B**. All questions are compulsory.*

*(ii)* *Question number **1 – 10** and **18 – 27** are very short-answer questions carrying **1** mark each. They are required to be answered in **one** word or **one** sentence each.*

*(iii)* *Question number **11 – 12** and **28 – 29** are short-answer questions carrying **3** marks each. Answers to them should not normally exceed 60 – **80** words each.*

*(iv)* *Question number **13 – 15** and **30 – 32** are also short-answer questions carrying **4** marks each. Answers to them should not normally exceed **80 – 100** words each.*

*(v)* *Question number **16 – 17** and **33 – 34** are long answer questions carrying **6** marks each. Answers to them should not normally exceed **100 – 150** words each.*

*(vi)* *Answer should be brief and to the point also the above word limit be adhered to as far as possible.*

*(vii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in **2** questions of **one** mark, **2** questions of three marks, **2** questions of **four** marks and **2** questions of **six** marks. Only **one** of the choices in such questions have to be attempted.*

*(viii)* *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

## SECTION – A
## (Macro-economics)

1. State, whether the given statement is true or false :
   'Unexpected obsolescence is a component of depreciation.' **1**

2. Two components of money supply are _____ and _____.
   (Fill up the blank with correct answer). **1**

   **OR**

   The main aim of monetary policy is _____.
   (Choose the correct alternative)

   (a) to bring price stability in the economy.
   (b) employment generation in the country.
   (c) to increase trade surplus.
   (d) to generate greater tax revenue. **1**

3. यदि आय में ₹ 50,000 से ₹ 60,000 की वृद्धि के फलस्वरूप उपभोग में ₹ 40,000 से ₹ 48,000 की वृद्धि होती है । इस स्थिति में, सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) का मूल्य क्या होगा ? (सही विकल्प का चयन करें ।)

(क) 0.80 (ख) 0.20

(ग) 0.10 (घ) 0.90 **1**

4. वाणिज्य बैंकों द्वारा दिए गए ऋण, अर्थव्यवस्था में मुद्रा पूर्ति में ______ (वृद्धि/कमी) करते हैं ।

(सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।) **1**

5. एक विद्यार्थी, रोहिणी के बटुए में रखा ₹ 2,000 का नोट ________ (स्टॉक/प्रवाह) चर का उदाहरण है ।

(सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।) **1**

6. उल्लेख करें कि, दिया गया कथन सत्य अथवा असत्य है :

"सरकार द्वारा लागू की गई उज्ज्वला योजना पर किया गया व्यय, पूँजीगत व्यय का एक उदाहरण हैं । **1**

7. साधन भुगतानों का योग _______ के बराबर होता है ।

(सही विकल्प का चयन करें ।)

(क) घरेलू आय

(ख) राष्ट्रीय आय

(ग) प्रति-व्यक्ति वास्तविक आय

(घ) प्रति-व्यक्ति मौद्रिक आय **1**

8. माल-सूची (स्टॉक) को परिभाषित करें । **1**

9. सरकारी बजट में 'ऋण सृजित पूँजीगत प्राप्तियों' का कोई एक उदाहरण दें । **1**

10. मध्यवर्ती उपभोग को परिभाषित करें । **1**

11. "पानी को प्रदूषित करने वाली एक तेल रिफाइनरी के प्रबंधन का कहना है कि, यह (रिफाइनरी) सकल घरेलू उत्पाद में योगदान से कल्याण सुनिश्चित करती है ।" प्रबंधन के तर्क का कारण सहित समर्थन अथवा खंडन करें । GDP के अर्थव्यवस्था के कल्याण सूचक के संदर्भ में, प्रबंधन के तर्क का समर्थन अथवा खंडन करें । **3**

3. If income rises from ₹ 50,000 to ₹ 60,000, consumption increases from ₹ 40,000 to ₹ 48,000. In this situation, what will be the value of Marginal Propensity to Consume (MPC) ?

(Choose the correct alternative.)

(a) 0.80 (b) 0.20

(c) 0.10 (d) 0.90 **1**

4. Loans offered by commercial banks ______ (increase/decrease) the money supply in the economy.

(Fill up the blank with correct alternative.) **1**

5. ₹ 2,000 note lying in wallet of Rohini, a student is an example of ______ (stock/flow) variable.

(Fill up the blank with correct alternative.) **1**

6. State, whether the given statement is true or false :
'Expenditure on Ujjwala Yojana launched by the Government is an example of capital expenditure.' **1**

7. The sum of factor payments is equal to _______.

(Choose the correct alternative.)

(a) Domestic Income
(b) National Income
(c) Per Capita Real Income
(d) Per Capita Nominal Income. **1**

8. Define inventory (stock). **1**

9. Give any one example of 'debt creating capital receipts' in the Government Budget. **1**

10. Define intermediate consumption. **1**

11. "Management of a water polluting oil refinery says that the it (oil refinery) ensures welfare through its contribution to Gross Domestic Product."
Defend or refute the argument of management with respect to GDP as a welfare measure of the economy. **3**

12. निम्नलिखित आँकड़ों द्वारा साधन लागत पर शुद्ध मूल्य वृद्धि ($NVA_{FC}$) की गणना करें :

| क्र.सं. | विवरण | राशि (₹ करोड़ में) |
|---|---|---|
| (i) | उत्पादन का मूल्य | 800 |
| (ii) | मध्यवर्ती उपभोग | 200 |
| (iii) | अप्रत्यक्ष कर | 30 |
| (iv) | मूल्यह्रास | 20 |
| (v) | उपदान | 50 |
| (vi) | मशीन का क्रय | 50 |

3

**अथवा**

संपत्ति तथा उद्यम से अर्जित आय के तीन घटकों का उल्लेख करें । 3

13. केन्द्रीय बैंक के 'सरकार के बैंकर, ऐजेंट तथा सलाहकार' के कार्य की व्याख्या करें । 4

**अथवा**

समझाएँ कि, केन्द्रीय बैंक किस प्रकार 'बैंक दर' द्वारा मुद्रा पूर्ति में स्थिरता लाता है । 4

14. प्रभावी माँग को परिभाषित करें । विवेचना करें, यदि प्रत्याशित समग्र माँग (AD) प्रत्याशित समग्र पूर्ति (AS) से अधिक है, तो किस प्रकार प्रभावी माँग को बहाल किया जा सकता है । **1 + 3**

15. सरकारी बजट में '**संसाधनों के आवंटन**' के उद्देश्य की व्याख्या करें । 4

16. उचित तर्क सहित बताएँ, कि निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन सत्य अथवा असत्य है :

(i) एक अर्थव्यवस्था के लिए व्यापार घाटा सदैव बड़ी चिन्ता का विषय होता है ।

(ii) मुद्रा के मूल्यह्रास तथा मुद्रा–अवमूल्यन का निर्यात पर एक समान प्रभाव पड़ता है ।

(iii) '**भारतीयों द्वारा विदेशी सम्पत्तियों में निवेश**' भुगतान संतुलन के पूँजी खाते के नामे (डेबिट) पक्ष में लेखांकित किया जाता है । $2 \times 3 = 6$

**अथवा**

(क) समझाएँ कि, घरेलू मुद्रा के मूल्यह्रास का राष्ट्र में आयात पर क्या संभावित प्रभाव पड़ता है । 3

(ख) चालू व्यापार घाटा (CAD) तथा चालू व्यापार अधिशेष (CAS) में अंतर स्पष्ट करें । 3

12. Calculate Net Value Added at Factor Cost ($NVA_{FC}$) from the following data :

| S. No. | Particulars | Amount (in ₹ crores) |
|---|---|---|
| (i) | Value of Output | 800 |
| (ii) | Intermediate Consumption | 200 |
| (iii) | Indirect taxes | 30 |
| (iv) | Depreciation | 20 |
| (v) | Subsidies | 50 |
| (vi) | Purchase of machinery | 50 |

**3**

**OR**

State the three components of Income from Property and Entrepreneurship. **3**

13. Explain the function of Central Bank as 'Banker, Agent and Advisor' of the Government. **4**

**OR**

Elaborate, how does a Central Bank stabilize money supply through 'Bank Rate'. **4**

14. Define effective demand. Discuss how, effective demand can be restored if ex-ante Aggregate Demand (AD) is less than ex-ante Aggregate Supply (AS). **1 + 3**

15. Elaborate the objective of **'allocation of resources'** in the Government Budget. **4**

16. State, giving valid reasons whether the following statements are true or false :

    (i) Trade deficit is always a great cause of worry for an economy.

    (ii) Depreciation of currency has same effect on exports as devaluation of currency.

    (iii) **'Indians investing in assets abroad'** will be recorded under debit side of capital account in Balance of Payments. **2 × 3 = 6**

**OR**


(a) Explain, what can be the likely impact of depreciation of the home currency on imports to the country. **3**

(b) Distinguish between Current Account Deficit (CAD) and Current Account Surplus (CAS). **3**

17. (क) निम्नलिखित आँकड़ों के आधार पर बताएँ कि क्या अर्थव्यवस्था संतुलन में हैं या नहीं :

| क्र.सं. | विवरण | राशि |
|---|---|---|
| (i) | स्वायत्त उपभोग तथा निवेश व्यय ($\bar{A}$) | ₹ 200 करोड़ |
| (ii) | सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) | 0.70 |
| (iii) | राष्ट्रीय आय | ₹ 1,000 करोड़ |

(ख) दिए गए चित्र के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें : **3**




(i) आय के किस स्तर पर औसत उपभोग प्रवृत्ति, इकाई के बराबर होगी और क्यों ? **1½**

(ii) बिन्दु B के ऊपर बचत वक्र का क्या महत्त्व है ? **1½**

**केवल दृष्टिबाधित छात्रों के लिए :**

(ख) (i) स्वायत्त उपभोग को परिभाषित करें ।

(ii) अव्बचत का क्या महत्त्व है ? **1 + 2**

**खण्ड – ख**

**(भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास)**

18. निम्नलिखित में से किस देश ने जनसंख्या नियंत्रण के लिए 'एक संतान नीति' अपनाई थी ?

(सही विकल्प का चयन करें ।)

(क) भारत (ख) चीन

(ग) पाकिस्तान (घ) रूस **1**

19. ________ के परवर्ती विश्व व्यापार संगठन (WTO) का गठन 1995 में किया गया था ।


(सही उत्तर द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।) **1**

17. (a) Given the following information, identify whether the economy is in equilibrium or not.

| Sr. No. | Particulars | Amount |
|---|---|---|
| (i) | Autonomous Consumption & Investment Expenditure ($\bar{A}$) | ₹ 200 crores |
| (ii) | Marginal Propensity to Consume (MPC) | 0.70 |
| (iii) | National Income | ₹ 1,000 crores |

**3**

(b) Answer the following questions based on the figure given below :




(i) At which level of income, Average Propensity to Consume will be equal to one and why ? **1½**

(ii) What is the significance of saving curve above the point B. **1½**

**For Visually Impaired Candidates only :**

(b) (i) Define Autonomous consumption.

(ii) What is the significance of dis-savings ? **1 + 2**

## SECTION – B
## (Indian Economic Development)

18. Which of the following countries adopted 'One Child Policy' as a measure to control population ?

(Choose the correct alternative.)

(a) India (b) China

(c) Pakistan (d) Russia **1**

19. World Trade Organisation (WTO) was established in 1995, as a successor organisation to _______. (Fill up the blank with correct answer) **1**

20. मिश्रित अर्थव्यवस्था को परिभाषित करें । 1

21. भारत की प्रथम सात पंचवर्षीय योजनाओं में _______ नीति का अनुगमन किया गया था, जिसका उद्देश्य आयात के बदले घरेलू उत्पादन द्वारा पूर्ति करना था । (सही उत्तर द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।) 1

22. विगत् कुछ दशकों में, भारत में _________ (प्राथमिक/द्वितीयक/तृतीयक) क्षेत्र ने रोजगार के सर्वाधिक अवसर पैदा किए हैं । (सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।) 1

23. चीन में 'ग्रेट लीप फॉरवर्ड' (GLF) का मुख्य उद्देश्य _______ में तेजी से वृद्धि सुनिश्चित करना था ।

(सही विकल्प का चयन करें ।)

(क) कृषि

(ख) उद्योगों

(ग) सेवाओं

(घ) आयात 1

24. निम्नलिखित में से क्या जैविक कृषि का एक लाभ नहीं है ?

(सही विकल्प का चयन करें ।)

(क) सस्ते आगत

(ख) आकर्षक निवेश के प्रतिफल

(ग) आयात की अधिक संभावनाएँ

(घ) उच्च पोषण मान 1

25. प्रच्छन्न बेरोज़गारी को परिभाषित करें । 1

26. चीन में आर्थिक सुधार वर्ष ________ में लागू किए गए थे । (सही विकल्प का चयन करें ।)

(क) 1978

(ख) 1980

(ग) 1988

(घ) 1991 1

20. Define mixed economy. **1**

21. _______ policy followed in first seven five year plans of India, aimed at substituting imports with domestic production.

(Fill up the blank with correct answer) **1**

22. In the past few decades _________ (primary/secondary/tertiary) sector has created maximum jobs opportunities in India.

(Fill up the blank with correct answer) **1**

23. The main aim of 'Great Leap Forward' (GLF) in China was to ensure rapid increase of _______.

(Choose the correct alternative)

(a) agriculture (b) industries

(c) services (d) exports **1**

24. Which of the following is not a benefit of organic farming ?

(Choose the correct alternative.)

(a) Cheaper inputs

(b) Attractive returns on investment

(c) Greater import possibilities

(d) Higher nutritional value **1**

25. Define disguised unemployment. **1**

26. Introduction of Economic Reforms in China took place in the year _________.

(Choose the correct alternative.)

(a) 1978 (b) 1980

(c) 1988 (d) 1991 **1**

27. उल्लेख करें कि, निम्नलिखित कथन सत्य अथवा असत्य है :

"विश्व बैंक को पंजीकरण तथा परिसीमन के अंतर्राष्ट्रीय बैंक (IBRD) के नाम से भी जाना जाता है ।" **1**

**अथवा**

विपणित अधिशेष को परिभाषित करें । **1**

28. मान्य कारणों द्वारा भारत व चीन के दिये गये आँकड़ों की तुलना व विश्लेषण करें :

| **राष्ट्र** | **जनसंख्या वृद्धि की वार्षिक दर (2015)** | **लिंगानुपात (प्रति हज़ार पुरुष)** |
|---|---|---|
| भारत | 1.2% | 929 |
| चीन | 0.5% | 941 |

**स्रोत** : विश्व विकास संकेतक, 2015. **3**

29. "आर्थिक संवृद्धि में तीव्र वृद्धि अवश्य ही पूर्णतः निर्धन वर्ग के व्यक्तियों तक पहुँच जाती है ।" दिए गए कथन का तर्क सहित समर्थन अथवा खंडन करें । **3**

**अथवा**

"मानव पूँजी निर्माण नवोत्थान, आविष्कार तथा तकनीकी सुधारों को जन्म देता है ।" क्या आप दिए गए कथन से सहमत है ? अपने उत्तर का उचित तर्क सहित समर्थन करें । **3**

30. विभेद करें :

(i) प्रशुल्क और अप्रशुल्क अवरोधक

(ii) द्विपक्षीय तथा बहुपक्षीय व्यापार **4**

31. (क) भारत सरकार की AYUSH (आयुश) योजना के अंतर्गत आने वाली छः भारतीय चिकित्सा प्रणालियों के नाम का उल्लेख करें ।

(ख) ऊर्जा के किन्हीं दो गैर-पारंपरिक स्रोतों के नाम लिखें । **3 + 1**

32. स्वतंत्रता पूर्व भारत की व्यावसायिक संरचना की किन्हीं दो प्रमुख विशेषताओं का संक्षेप में वर्णन करें । **4**

**अथवा**

भारतीय अर्थव्यवस्था के योजना उद्देश्य के रूप में 'आत्मनिर्भरता' के चयन के औचित्य का संक्षेप में विवेचन करें । **4**

27. State whether the following statement is true or false :

"World Bank is also known as International Bank for Registration and Delimitation (IBRD)." **1**

**OR**

Define Marketed Surplus. **1**

28. Compare and analyse the given data of India and China, with valid reasons :

| Country | Annual Growth rate of population (2015) | Gender Ratio (Per thousand males) |
|---|---|---|
| India | 1.2% | 929 |
| China | 0.5% | 941 |

**Source :** World Development Indicators, 2015. **3**

29. "Rapid increase in economic growth surely trickles down to the people under the absolutely poor category."

Defend or refute the given statement with valid argument. **3**

**OR**

"Human Capital Formation gives birth to innovation, invention and technological improvements."

Do you agree with the given statement ? Support your answer with valid arguments. **3**

30. Distinguish between :

(i) Tariff and non-tariff Barriers,

(ii) Bilateral and multilateral trade. **4**

31. (a) State the names of six Indian Systems of Medicines (ISM) under AYUSH scheme of the Government of India.

(b) Name any two non-conventional sources of energy. **3 + 1**

32. Discuss briefly, any two salient features of India's pre-independence occupational structure. **4**

**OR**

Discuss briefly the rationale behind choosing 'self-reliance' as a planning objective for Indian economy. **4**

33. (क) श्रमिक-जनसंख्या अनुपात को परिभाषित करें। इसका क्या महत्त्व है ? 3

(ख) दिए गए आँकड़ों के आधार पर भारत में श्रम बल के क्षेत्रकवार वितरण की प्रवृत्तियों का विश्लेषण करें।

**रोजगार प्रारूप में प्रवृत्तियाँ (क्षेत्रकवार) 1972-2012 (% में)**

| क्षेत्रक | 1972-73 | 1983 | 1993-94 | 1999-2000 | 2011-2012 |
|---|---|---|---|---|---|
| प्राथमिक | 74.3 | 68.6 | 64 | 60.4 | 48.9 |
| द्वितीयक | 10.9 | 11.5 | 16 | 15.8 | 24.3 |
| सेवाएँ | 14.8 | 16.9 | 20 | 23.8 | 26.8 |
| **कुल** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

3

**अथवा**

(क) "प्रधानमंत्रीजी ने ग्रामीण क्षेत्र की आय में वृद्धि के लिए गैर-कृषि क्रियाकलापों को बढ़ावा देने का आग्रह किया है।"

किस प्रकार गैर-कृषि क्रियाकलाप ग्रामीण क्षेत्र में लोगों की आय में वृद्धि कर सकते हैं ?

(ख) "भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली को स्वयं को ठीक करने के लिए सार्वजनिक व्यय की खुराक में वृद्धि करने की आवश्यकता है।"

दिए गए कथन का समर्थन अथवा खंडन उचित तर्क सहित करें। 3, 3

34. (क) वर्तमान समय में भारत के समक्ष प्रस्तुत कोई दो पर्यावरण चिंताओं का उल्लेख तथा वर्णन करें। 3

(ख) ग्रामीण विकास में साख के महत्त्व पर चर्चा करें। 3

33 (a) Define worker-population ratio. What does it signify ? **3**

(b) Analyse the trends in sectoral distribution of work force in India on the basis of data :

**Trends in Employment Pattern**

**(Sector-wise), 1972-2012 (in %)**

| Sector | 1972-73 | 1983 | 1993-94 | 1999-2000 | 2011-2012 |
|---|---|---|---|---|---|
| Primary | 74.3 | 68.6 | 64 | 60.4 | 48.9 |
| Secondary | 10.9 | 11.5 | 16 | 15.8 | 24.3 |
| Services | 14.8 | 16.9 | 20 | 23.8 | 26.8 |
| **Total :** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

**3**

**OR**

(a) "The Prime Minister urged to increase the rural income by increasing non-farm activities."

Explain how non-farm activities can lead to rise in income of people in rural sector.

(b) "Indian health system needs the increased dose of public expenditure to cure itself."

Defend or refute the given statement with valid arguments. **3, 3**

34. (a) State and discuss any two environmental concerns faced by India in the present times. **3**

(b) Discuss the importance of credit in rural development. **3**